आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में इस वर्ष जनवरी महीने में जीएसटी राजस्व में छब्बीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी।

2. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने भारत के महत्वकांक्षी डीप ओशन मिशन के लिए छह सौ करोड रुपये का प्रावधान किया।

3. द्वीपसमूह के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आज भी सरस्वती पूजा के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

4. केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में दस से इक्कीस फरवरी तक सर्किट कोर्ट लगेगी।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में इस वर्ष जनवरी महीने में जीएसटी राजस्व में छब्बीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह जी एस टी के राजस्व बढ़ोत्तरी के मामले में देश में शीर्ष राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों में शामिल हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में यह बात सामने आई है। इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु और सेवा कर – जीएसटी के रूप में पूरे देश में एक लाख पचानब्बे हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह जनवरी दो हजार चौबीस की तुलना में बारह दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में केंद्रीय वस्तु और सेवा कर संग्रह छत्तीस हजार सतहत्तर करोड़ रुपये और राज्य वस्तु और सेवा कर चवालीस हजार नौ सौ बयालीस करोड़ रुपए है। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह की राशि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक और उपकर तेरह हजार चार सौ बारह करोड़ रुपये है। जीएसटी संग्रह में सर्वाधिक उनचालीस प्रतिशत लद्दाख में दर्ज की गई।

<><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने भारत के महत्वकांक्षी डीप ओशन मिशन के लिए छह सौ करोड रुपये का प्रावधान किया है। इस आबंटन से समुद्रयान मिशन के अंतर्गत समुद्र में खोजबीन के लिए वैज्ञानिकों को विशेष रूप से तैयार पनडुब्बी में भेजने के कार्यक्रम में तेजी आयेगी। यह मिशन समुद्र की गहराई से संबंधित मानचित्र और संबंधित प्रौद्योगिकी को विकसित करेगा। इससे समुद्र में छह हजार मीटर तक की गहराई को नापने के लिए पनडुब्बी में वैज्ञानिक भेजे जाएंगे।

चेन्नई स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी ने इस पनडुब्बी को तैयार किया है और इस वर्ष इसे पहले पांच सौ मीटर गहराई तक भेजा जायेगा और वैज्ञानिक समुद्र में खोजबीन करेंगे। बाद में अगले वर्ष इस पनडुब्बी को छह हजार मीटर की गहराई तक भेजने का प्रयास किया जायेगा। वित्त मंत्री ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल मिशन मौसम के लिये एक हजार तीन सौ उनतीस करोड रुपये का प्रावधान किया है। इसे मौसम का सटीक अनुमान व्यक्त करने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के अपने चल रहे प्रयासों के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने हाल ही में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सत्र के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और एकल–उपयोग प्लास्टिक के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम मध्योत्तर अंडमान के मायाबंदर मॉडल स्कूल, मायाबंदर के महात्मा गांधी कॉलेज, कदमतला के वी.के. जिला परिषद विद्यालय और गर्वमेंन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कदमतला में आयोजित की गई। संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मायाबंदर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बी प्रभुराम भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर विभाग के स्रोत विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। सत्र में प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण मानकों के साथ औद्योगिक अनुपालन की निगरानी के लिए अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए कपड़े के थैले, पर्चे और पोस्टर वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के तीन से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

बसंत पंचमी के अवसर पर आज भी सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वीपों के राजकीय और निजी विद्यालयों में आज सरस्वती पूजन होगा। कल रविवार का अवकाश होने के कारण इन विद्यालयों में सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाए। श्री विजयपुरम के सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद केन्द्र विद्यालय सहित अनेक स्कूलों में ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वीपों में कल भी अनेक विद्यालयों और संस्थानों में सरस्वती पूजन का कार्यक्रम हुआ।

श्री विजयपुरम के अंडमान लॉ कॉलेज में कल से दो दिवसीय सरस्वती पूजन समारोह शुरू हुआ, जिसका आज समापन होगा। समारोह समिति के अध्यक्ष आर राजशेखर ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस समारोह में आज कई गण्यमान्य नागरिक शामिल होंगे।

<><><><><><><><><>

कल विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चिड़ियाटापु के जैविक उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के एम्बेसडर नरेश चंद्र लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने वेटलैंड की सुरक्षा के महत्व और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जैविक उद्यान के कर्मचारियों और श्रमिकों द्वारा की गई पहल की सराहना की। जैविक उद्यान, चिड़ियाटापु के उप निदेशक ए. सी तिलक ने भी उपस्थिति को संबोधित किया। इस अवसर पर जैविक उद्यान में स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि ने जैविक उद्यान, में कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ फिकस प्रजाति के पौधे लगाए।

<><><><><><><><><>

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में दस से इक्कीस फरवरी तक सर्किट कोर्ट लगेगी। इसमें नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कैट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><><><>

नेहरू युवा केंद्र रंगत की ओर से बिल्लीग्राउंड में 'स्वस्थ राष्ट्र–समृद्ध राष्ट्र' विषय पर ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन देश बंधु युवा क्लब और नेताजी युवा समिति के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर हरिनगर ग्राम पंचायत के प्रधान मनोजीत हलदर मुख्य अतिथि थे, जबकि जिला परिषद सदस्य शंकर मंडल विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर पुरूषों और महिलाओं के लिए कई समूह और एकल स्पर्धाएँ आयोजित की गई। विजेताओं में पुरस्कारों का वितरण किया गया। विजेताओं को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**<><><><><><><>**